छोड़ेंगे ना हम तेरा दवार ओ बाबा

मरते दम नहीं, अगले जनम तक,
अगले जनम नहीं, सात जनम तक,
सात जनम नहीं, जनम जनम तक,
छोड़ेंगे ना हम तेरा दवार ओ बाबा
,
मरते दम तक....

निर्धन को धन वां बनाये ऐसी है तेरी माया,
खेल तेरी शक्ति का जग में कोई समज न पाया,
दुःख के अँधेरे दूर भगाये,
आस का दीपक मन में जलाये,
नाम जापे तेरा साँस है जब तक,
छोड़ेंगे ना हम तेरा दवार ओ बाबा मरते दम तक.......

खाटू में प्रभु आप विराजे सब पर हुकम चलावे बाबा,
भगतो की लाज बचाने बाबा पल भर में आ जावे,
निर्बल को तुम देते सहारा,
सबसे प्यारा श्याम हमारा,
इस धरती से उस अम्बर तक,
छोड़ेंगे ना हम तेरा दवार ओ बाबा मरते दम तक.......

महाभारत में आप ने कृष्ण को शीश का दान दिया है,
खुश हो कर आप को कृष्ण न ये वरदान दिया है,
नील गगन में चाँद और तारे,
रवि की किरणे आरती उतरे पूजा हो तेरी दुनिया है जब तक,,
छोड़ेंगे ना हम तेरा दवार ओ बाबा मरते दम तक....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4929/title/chhodenge-na-hum-tera-dwar-o-baba-marte-dam-tak-marte-dam-nhi-agle-janam-tak

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |